an>

Title: Need to take steps for speedy urbanisation of villages and implement Land Pooling Policy in Delhi.

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली) : माननीय अध्यक्ष जी, यह समस्या दिल्ली और दिल्ली के किसानों के विकास से जुड़ी है। 2007 में दिल्ली में लैंड पूलिंग पालिसी की योजना डी.डी.ए. लेकर आया था। इसमें यह था कि दिल्ली के किसान नोएडा और गुड़गांव की तरह अपनी जमीन पर फ्लैट बना सकते हैं। इस योजना के आने से किसानों की जमीन के दाम बढ़े। मैं आपको बहुत दुख के साथ कहना चाहता हूं कि दिल्ली सरकार ने 89 गांवों के अर्बनाइजेशन का नोटिफिकेशन करना था जो अभी तक नहीं किया है। इस कारण दिल्ली के गांवों का विकास नहीं हो पा रहा है। दिल्ली सरकार ने चुनाव में वायदा किया था कि गांव का विकास करेंगे, लेकिन अभी तक लैंड पूलिंग पालिसी नहीं आई है। दिल्ली में लाखों फ्लैट्स बनने थे। दिल्ली में अनआथोराइज्ड कालोनियों और स्लम की समस्या लाखों फ्लैट बनने से खत्म हो सकती है।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि माननीय शहरी विकास मंत्री दिल्ली के मुख्यमंत्री से बात करें और दिल्ली के मुख्यमंत्री जल्दी से गांव के शहरीकरण की घोषणा करें ताकि दिल्ली के गांवों का विकास हो सके।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।